दिनांक : 02.10.2025 समय : 07.10AM

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रातःकालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- केन्द्र सरकार ने गेहूं और चने सहित छह रबी फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाया।
- समग्र राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है।
- बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व आज देशभर में मनाया जाएगा।
- आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप में कल इंदौर में आस्ट्रेलिया ने न्यूजीलेंड को हराया।

रबी फसल-एमएसपी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रीमंडल ने वर्ष 2026-27 के लिए छह रबी फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि का निर्णय लिया है। अब गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रतिक्विंटल निर्धारित किया गया है। इसी तरह जौ का समर्थन मूल्य 2150 रूपए, चना 5875 रूपए, मसूर 7000 रूपए, रेपसीड और सरसो 6200 रूपए और कुसुम 6540 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रबी फसलों के समर्थन मूल्य में वृद्धि को स्वीकृति देने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए केन्द्र और राज्य सरकार दोनों ही प्रतिबद्ध हैं।

गांधी-शास्त्री श्रद्धाजंलि

समग्र देश आज राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर विदेश में भारतीय दूतावासों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजधानी दिल्ली में महात्मा गांधी की समाधि राजघाट पर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है।

महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आज अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस भी मनाया जा रहा है। वर्ष-2007 के जून महीने में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पूरे विश्व में शांति और सहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए अहिंसा दिवस मनाने का प्रस्ताव मंजूर किया था। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र में भारतीय स्थायी मिशन आज विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

सेवा पर्व

सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज विशेष श्रृंखला - 'सेवा पर्व' में जानेंगे कैसे

मोदी सरकार ने सीमाओं से परे वैश्विक संकट के समय दुनिया भर के देशों को सहयोग प्रदान किया है।

पैकेज- शशांक कुमार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक संकटों के समय सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वाले देशों के रूप में सामने आया है। पिछले 5 वर्षों में भारत ने 150 से अधिक देशों को मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान की है। भारत ने महामारी से लेकर प्राकृतिक आपदाओं तक संकटों से निपटने के लिए चिकित्सा दल, राहत सामग्री और विशेषज्ञों को तैनात किया है। नाइजीरिया में एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने संकट के दौरान प्रथम प्रतिक्रियादाता के रूप में भारत की भूमिका को रेखांकित किया।

साथियों दुनिया में कोई भी मुश्किल आती है तो भारत विश्व बंधु के तौर पर फर्स्ट रिस्पांडर बनाकर वहां पहुंचता है।

कोविड के दौरान भारत ने मानव केंद्रित कूटनीति के अंतर्गत वैक्सीन मैत्री पहल शुरू की। यूक्रेन में ऑपरेशन गंगा से लेकर सूडान में ऑपरेशन कावेरी और इजराइल में ऑपरेशन अजय तक भारत ने न केवल अपने नागरिकों बल्कि दूसरे देशों के लोगों की भी मदद की। त्वरित संगठित और समावेशी रुख अपनाया। ऑपरेशन सिंधु के अंतर्गत ईरान से लौटे एक शरणार्थी ने कहा कि गंभीर स्थिति में होने के बावजूद भी उसे सरकार पर भरोसा है।

बहुत क्रिटिकल सिच्युएशन में थे हम लोग, डरे हुए, सहमे हुए भी थे, लेकिन हमें भारत सरकार से पूरी बहुत उम्मीद थी, वहां की एम्बेसी का हमें पूरा सहयोग मिला, हमारेको सारी चीजें वहां मुहैया कराई गईं और भारत सरकार के द्वारा हमें पूरा सपोर्ट मिला और हम सकुशल हमारे देश में वापस आ गए हैं।

ऑपरेशन राहत ने युद्धग्रस्त अमन में फंसे लगभग 2000 विदेशी नागरिकों के अलावा 4700 से अधिक भारतीयों को बचाया था। चाहें मेडागास्कर को चावल भेजना हो, उत्तर कोरिया को टीबी रोधी दवाएं या टोंगा और भूकंप प्रभावित अफगानिस्तान को राहत किट भेजना हो, भारत ने यह सब गरिमा के साथ किया और दिखावे से हमेशा बचा है। भारत कार्रवाई से कभी पीछे नहीं हटता, चाहें कूटनीति के साधन हों या मानवीय सहायता भारत ने एक नया अध्याय लिखा है। संकटों के दौरान भारत वैश्विक मित्र और विश्व बंधु के रूप में उभरा है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ शशांक कुमार।

जीएसटी बचत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। हस्तनिर्मित उत्पादों पर जीएसटी कटौती लोगों को बड़े स्तर पर राहत पहुंचा रही है। पेश है एक रिपोर्ट-

बाईट- आदित्य कुमार सिंह

नए जीएसटी सुधारों के अंतर्गत सरकार ने हस्त निर्मित वस्तुओं पर कर में कटौती की है जिससे उपभोक्ताओं और कारीगरों को बड़ी राहत मिली है। सरकार ने कॉटन और जूट से बने पाउच और पर्स

जैसे हस्त निर्मित बैग और आभूषण रखने वाले बक्सों पर जीएसटी की दर को 12p से घटाकर 5p कर दिया है। इसी प्रकार हस्त निर्मित शॉल, बनी हुई टोपी और सूती कपड़े की टोपी पर भी कर की दर को घटाकर 5p कर दिया गया है। कर में इस कटौती से हाथ से बने हुए सामान सस्ते हुए हैं जिससे इन वस्तुओं की मांग बढ़ने के साथ ही इनके निर्यात को भी बढ़ावा मिला है। इसके अतिरिक्त कारीगरों को प्रत्यक्ष लाभ मिलने के साथ-साथ भारत के हस्तशिल्प क्षेत्र का भी विस्तार हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार के इस फैसले से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की आजीविका को सहारा मिलने के साथ-साथ परंपरागत शिल्प और कारीगरी को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही सांस्कृतिक महत्व वाले यह उत्पाद लोगों को किफायती दाम पर आसानी से उपलब्ध होंगे। आदित्य कुमार सिंह आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

भावांतर योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार के लिए किसानों का हित सर्वोपरी है। भावान्तर योजना के माध्यम से सोयाबीन उत्पादक किसानों को एमएसपी की राशि दिलाई जाएगी, 3 अक्टूबर से पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

बाईट- मुख्यमंत्री

दशहरा पर्व

देशभर में आज विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। आज के दिन रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतले जलाने की परंपरा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिल्ली के लाल किले स्थित माधव दास पार्क में आयोजित दशहरा समारोह में शामिल होंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय राजधानी में आईपी एक्सटेंशन रामलीला समिति द्वारा आयोजित दशहरा समारोह में भाग लेंगे।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने "विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा देश प्रगति और विकास के पद आगे बढ़ रहा है -

राजधानी भोपाल सहित पूरे प्रदेश में विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विजयादशमी पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने शुभकामना संदेश में कहा है कि विजयादशमी हर्ष, उल्लास तथा विजय का पर्व है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और हमें सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

वैष्णव-एनआईईएलआईटी

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान डिजिटल विश्वविद्यालय मंच का उद्घाटन करेंगे। यह

संस्थान उच्च गुणवत्ता की डिजिटल शिक्षा प्रदान करेगा। श्री वैष्णव इस अवसर पर वर्चुअल माध्यम से बिहार के मुजफ्फरपुर, ओडिशा के बालेश्वर, आंध्रप्रदेश के तिरूपति, मिजोरम के लुंगलेई और दमण में संस्थान के पांच नए केंद्रों का उद्घाटन भी करेंगे। मेधावी विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा।

महिला विश्व कप क्रिकेट

आईसीसी महिला क्रिकेट विश्वकप के दूसरे मैच में कल इंदौर में मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिय ने न्यूजीलैंड को नवासी रन से हरा दिया। कोलम्बो में आज बांग्लादेश का सामना पाकिस्तान से होगा। मैच दोपहर बाद तीन बजे से खेला जायेगा।

क्रिकेट-भारत वेस्टइंडीज

भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो क्रिकेट टेस्ट मैच की श्रृंखला आज से शुरू हो रही है। पहला मैच अहमदाबाद में सुबह साढे नौ बजे से खेला जायेगा। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट मैच दस अक्तूबर से नई दिल्ली में खेला जायेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेशभर में आज विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा।
- उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार आज आगरमालवा जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां पुलिस लाइन में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।
- राज्य में आज गांधी जयंती पर मध्य निषेध सप्ताह की शुरूआत की जा रही है।
- नर्मदापुरम में जनजातीय समुदाय की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं से उन्हें सीधे जोड़ने के उद्देश्य से जिले के 83 जनजातीय बहुल्य ग्रामों में 'आदि सेवा केंद्र' स्थापित किए गए हैं।
- सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कल कान्हा नेशनल पार्क के खटिया गेट पर "रन फॉर कान्हा" मैराथन का आयोजन किया गया। प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री सम्पतिया उइके एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

-------